18th September 2013

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

एनएसआई में पुरस्कार वितरण

कानपुर। निदेशक नरेन्द्र मोहन ने हिन्दी पखवाड़े में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इनमें प्रमुख हैं, संतोष कुमार, संतोष कुमार त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह नयाल, दया शंकर मिश्र, राहुल दीक्षित, संतोष त्रिपाठी, पीयूष त्रिवेदी, अखिलेश कुमार पाण्डेय, श्रीराम, संजय तिवारी, अचिन श्रीवास्तव और अवध किशोर सिंह आदि।

राष्ट्रीय सहारा 18th September 2013

हिन्दी पखवाड़ा : प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्था के प्रेक्षागार में मंगलवार को हिन्दी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एक पखवाड़ा से चल रही प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। हिन्दी समारोह का उद्घाटन करते हुए संस्था के निदेशक नरेन्द्र मोहन ने हिन्दी के उद्भव एवं विकास के बारे में बताया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता संतोष कुमार, संतोष त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह नयाल, दयाशंकर मिश्र, राहुल दीक्षित, पीयूष त्रिवेदी, डाक्टर स्वेन, जितेन्द्र सिंह आदि को पुरस्कृत किया गया। संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी के प्रयोग को अत्यधिक विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल पाठक ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन में डा. आशुतोष वाजपेयी, डा. जाहर सिंह, डा. संतोष कुमार, इंद्रजीत सिंह आदि ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

(एसएनबी)